उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

दिनांक 28.05.2018 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तद्नुसार विमर्शोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिया गया :–

1. कार्यान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा :–

i. **पेयजलापूर्ति योजना** :– विद्यालयों एवं विभिन्न टोलों में सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजना का कार्य ससमय पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

ii. **पुल–पुलिया निर्माण** :– उच्च स्तरीय पुल निर्माण की चार योजनाएँ तथा पुल–पुलिया की 43 में से केवल 33 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया गया है। शेष योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त महोदया द्वारा शेष योजनाओं को कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। वित्तीय वर्ष 2017–18 में पुल–पुलिया सहित कुल 37 योजनाओं का कार्य अब तक प्रारम्भ नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। सभी योजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करते हुए ससमय पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग–सह–रामगढ़ को निदेशित किया गया।

iii. **बिजुलिया तालाब एवं गढ़बाँध का जीर्णोद्धार कार्य** :– पर्यटन प्रक्षेत्र की दोनों योजनाओं की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने के फलस्वरूप इसमें तीव्रता लाने तथा शीघ्र कार्य पूरा करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ को दिया गया।

2. योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति

बैठक में विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से निम्न योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अनुमोदित की गयी :–

क्र.	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)
1	DMFT के PMU कार्यालय हेतु सामग्री	20.00
2	बिजुलिया तालाब के सुन्दरीकरण अतिरिक्त चाहरदिवारी एवं अन्य का निर्माण।	20.00
3	कुजू में OD Training and Community Centre का निर्माण हेतु प्राप्त प्राक्कलन का अनुमोदन।	419.734
4	नलकूपों के साधारण मरम्मति एवं सम्पोषण।	49.828
5	नलकूपों के सड़े हेतु राईजर पाईप बदलना।	43.979
6	चितरपुर, सुकरीगढ़ा लारी तथा पोटमदगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का Out Sourcing से परिचालन।	32.77415
7	पतरातु प्रखण्ड के हफुआ पंचायत के ग्राम ओसाम (बड़की चण्डाल टोला में) लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना।	11.445
8	रामगढ़ थाना चौक के अम्बेदकर पार्क में भण्डार गृह एवं स्टेज का निर्माण।	15.00
9	रामगढ़ जिले के विभिन्न पुलिस ओ0पी0 में डीप बोरवेल।	9.855
10	पशु टीका का क्रय एवं वैक्सीनेटर हेतु।	34.14125

इसके अतिरिक्त DMFT की राशि का CAG द्वारा प्राप्त सूची के आधार पर अंकेक्षक का चयन कर अंकेक्षण कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

साथ ही, अन्य योजनाएँ जो न्यास परिषद् द्वारा पारित है तथा संबंधित एजेन्सी को उसका डी0पी0आर0 तैयार कर अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

तद्उपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष

DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक ....318............/जि0यो रामगढ़, दिनांक ....4/6............/2018

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

04/6/18

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष

DMFT, रामगढ़।